# सागवाडा लाईव न्यूज़



**सूचना-**
विज्ञापन, खबरों के लिए या हमारे साथ जुडने के लिए वाट्सएप पर संपर्क करें- , 8209335497
हमें निष्पक्ष पत्रकारिता में रुचि रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है।

E- paper | Dungarpur, Banswara, Udaipur, Kota, Salumber, Chittor, pratapgarh

SAGWARA LIVE NEWS

सागवाड़ा से प्रकाशित | Pages 01 | RNI- RAJHIN/25/A1329 | www.vagadlive.in | Editor- Jitendra singh chouhan

30 सितम्बर 2025 मंगलवार | ● वर्ष - ९ | ● अंक २० | ● पृष्ठ ०१ | ● मूल्य - निशुल्क | ● www.vagadlive.in


## 70 वर्षिय महिला से चाकू की नोक पर दुष्कर्म करने वाले वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**रास्ता पुछने के बहाने दुष्कर्म**



संवाददाता/ सागवाडा लाईव न्यूज़

डूंगरपुर। पुलिस की सख्त कार्रवाई "ऑपरेशन शिकंजा" के तहत सरोदा थाना पुलिस ने सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म व लूट की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर आरोपी को दबोच लिया है। 26 सितम्बर 2025 को पीड़िता अपनी पुत्री से मिलने पारड़ा सरोदा जा रही थी। सरोदा बस स्टैंड से पैदल रास्ते में जाते समय एक युवक झाड़ियों की ओर से आया और पहले रास्ता पूछने के बहाने बातचीत की। अचानक उसने पीड़िता के मुंह पर हाथ रखकर गले पर चाकू रख दिया और डरा-धमकाकर झाड़ियों की ओर ले गया। वहां उसने पीड़िता से जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने पीड़िता का मोबाइल फोन व 1500 रुपये छीन लिए और धमकी देकर फरार हो गया। डरी-सहमी पीड़िता ने पारड़ा सरोदा पहुंचकर घटना की जानकारी अपनी बेटी को दी और उसके साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना सरोदा में प्रकरण संख्या 72/2025 धारा 64 (1), 309 (4) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया। डूंगरपुर पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देश पर एएसपी अशोक मीणा व वृत्ताधिकारी सागवाड़ा रूप सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी भुवनेश चौहान के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने फॉरेंसिक यूनिट बांसवाड़ा के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिरी सूचना के आधार पर गहन तलाश शुरू की। टीम ने आरोपी कमलेश उर्फ सुरेश पुत्र धना कटारा निवासी मोवाई थाना सागवाड़ा को डिटेन कर पूछताछ की। मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ में आरोपी ने जुर्म करना स्वीकार किया। जिसके बाद उसे विधि अनुसार गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि इस जघन्य अपराध में आरोपी की गिरफ्तारी "ऑपरेशन शिकंजा" की बड़ी सफलता है। मामले में आगे की जांच जारी है और पीड़िता को हर संभव न्याय दिलाया जाएगा।


## भाटिया नाई समाज छात्रावास में सप्तमी पर यज्ञ एवं भव्य सरस्वती पूजा सम्पन्न



नवरात्रि की सप्तमी के अवसर पर सागवाड़ा स्थित भाटिया नाई समाज छात्रावास परिसर में संभाग के सबसे बड़े सरस्वती मंदिर में भव्य यज्ञ एवं सरस्वती पूजा का आयोजन हुआ। पंडित श्री सतीश जी भिलुड़ा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न करवाया। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्यजन, पदाधिकारी एवं समाजबंधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष अर्जुन भाटिया (सागवाड़ा) ने जानकारी देते हुए कहा कि समाज ने शिक्षा के प्रति जागरूकता और विद्या के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से भव्य सरस्वती मंदिर का निर्माण करवाया है। सप्तमी के पावन पर्व पर आयोजित इस यज्ञ में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में चौखला अध्यक्ष रमेश दिवड़ा, कुवैत मंडल अध्यक्ष जसवंत सकोदरा, उपाध्यक्ष प्रकाश कॉलोनी, शंभुलाल सामलिया, ज्वाला मंदिर अध्यक्ष अशोक भिलुड़ा, भरत, अनिल, रणछोड़, राजेश, सुदेश सागवाड़ा, पूर्व चौखला अध्यक्ष रमेश वरदा, भीखालाल विराट, कचरालाल गामडा, रमेश, डायालाल गोवाड़ी, सुभाष भिलुड़ा, राजकुमार तंबोलिया, जगदीश खड़गदा, ईश्वर गटूलाल सहित अनेक समाजसेवियों ने सहभागिता निभाई। मंच संचालन की जिम्मेदारी जयेश सेलोता ने संभाली, जबकि कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों और समाजबंधुओं का आभार सुरेश दीवड़ा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के उपरांत समाज की महिलाओं और पुरुषों ने गरबा खेलकर आयोजन की गरिमा को और भी बढ़ाया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि शिक्षा व संस्कारों के प्रति समाज की प्रतिबद्धता का भी संदेश लेकर आया।

## विश्व का सबसे उचा रावण कोटा में होने जा रहा है दहन

**देश विदेश से उमडेगा दर्शकों का जनसैलाब**




कोटा। राजस्थान का कोटा इस बार दशहरे पर विश्व पटल पर छा जाएगा। यहां इतिहास रचा जा रहा है, जब 215 फीट ऊंचे रावण का भव्य पुतला खड़ा किया जाएगा। जिसमें रावण का जुता 40 फिट का तलवार 50 फिट की होगी।यह सिर्फ एक धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन ही नहीं, बल्कि विश्व रिकॉर्ड दर्ज करने वाला क्षण भी होगा। इस विशालकाय रावण को तैयार करने में दर्जनों कारीगर, सैकड़ों मजदूर और भारी-भरकम क्रेन मशीनें लगातार जुटी हुई हैं। लोहे, बांस और कपड़े से तैयार इस पुतले की संरचना इंजीनियरिंग का भी अद्भुत नमूना मानी जा रही है। आयोजन समिति ने बताया कि रावण के साथ ही मेघनाथ और कुंभकरण के विशाल पुतले भी मैदान की शोभा बढ़ाएंगे। विधिविधान से भूमिपूजन कर पुतलों को खड़ा करने का कार्य शुरू हुआ। अब नज़रें टिकी हैं 2 अक्टूबर की शाम पर, जब मुहूर्तानुसार रावण दहन का शुभारंभ होगा। इस मौके पर भगवान लक्ष्मीनारायण की भव्य सवारी निकलेगी, जिसमें राजशाही ठाठबाट और पारंपरिक वैभव का संगम देखने को मिलेगा। पूजा और रावण दहन की मुख्य रस्में कोटा राजपरिवार के सदस्य महाराव इज्यराज सिंह के सान्निध्य में सम्पन्न होंगी। इस आयोजन की भव्यता को देखने के लिए न केवल कोटा और राजस्थान, बल्कि पूरे देश और विदेश से हजारों श्रद्धालु और पर्यटक यहां पहुंचेंगे। होटल और धर्मशालाओं में पहले से ही बुकिंग फुल है। प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए हैं। 215 फीट ऊंचे रावण का यह पुतला विश्व का सबसे ऊंचा रावण होगा और गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया जाएगा। आयोजकों का मानना है कि इस ऐतिहासिक क्षण से कोटा न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर भी नई पहचान बनाएगा।

## शराब से भरी कार पकड़ी, तस्कर फरार, 29 कार्टन शराब



डूंगरपुर जिले की कुंआ थाना पुलिस ने ऑपरेशन स्वच्छता के तहत बड़ी कार्रवाई की है। खार-दरियाटी मार्ग पर पुलिस ने शराब से भरी कार जब्त की है। हालाँकि कार चालक तस्कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार से 29 कार्टन शराब बरामद की है। साथ ही फर्जी नम्बर प्लेट भी मिली है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के कुंआ थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस का ऑपरेशन स्वच्छता लगातार जारी है। थानाधिकारी रामेंग पाटीदार ने बताया कि एसपी मनीष कुमार के निर्देश पर जिले में नाकेबंदी की जा रही है। इसी दौरान पुलिस को खार-दरियाटी मार्ग पर अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकेबंदी की। तभी एक कार को रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन चालक कार को घुमाकर फरार होने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो तस्कर कार को सड़क किनारे छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो उसमें से 29 कार्टन अंग्रेजी शराब और एक फर्जी नम्बर प्लेट बरामद की गई। फिलहाल पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## गेपसागर झील में हुआ लीकेज, सभापति ने मौके पर पहुंच कर शुरू कराया रिपेयरिंग का कार्य

**9 साल बाद झील में हुई है पानी की आवक**





सागवाड़ा लाईव न्यूज़ ब्युरो रिपोर्ट

डूंगरपुर: शहर के हृदय स्थली गेपसागर झील में लीकेज से पानी नाले में बहने की सूचना पर सोमवार को सभापति अमृत कलासुआ मौके पर पहुंचे। उन्होंने झील में लीकेज से बहते पानी को देखकर निर्माण शाखा के नरेंद्र सिंह को मौके पर बुलाया। इसके साथ ही नगर परिषद के तकनीकी कर्मचारियों को बुलाकर लीकेज को हाथों-हाथ दुरस्त कराने का काम शुरू किया । सभापति अमृत कलासुआ ने कहा कि 9 साल बाद अच्छी बारिश के कारण गेपसागर झील में भरपूर पानी की आवक हुई है। ऐसे में पानी को लीकेज से रोकने के लिए हर संभव कार्य किया जाएगा. मौके पर पहुंची जेईएन, एईएन की टीम ने लीकेज को रोकने के लिए पानी के कम होने की बात कही, जिस पर सभापति ने अस्थाई पानी को रोकने के लिए सुझाव दिया, जिसके बाद मौके पर जेईएन, एईएन की टीम ने रेती के कटटे रखकर फिलहाल पानी को रोकने के प्रयास किए है । इसके अलावा कुछ केमिकल से वाटर प्रूफिंग का प्रयास किया है । सभापति ने दीपावली के बाद पानी कुछ कम होने के बाद यहां पर आरसीसी की पक्की दीवार बनाने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। सभापति ने अधिकारियों से मौके पर तकमीना बनाने के निर्देश दिए, जिससे आने वाले समय में पानी उतरने के बाद सीधे कार्य किया जाएगा। भापति अमृत कलासुआ ने मौके पर पहुंची नगर परिषद की टीम को पूरी गेपसागर झील की परिधि क्षेत्र का सर्वे करने के निर्देश दिए। सभापति ने नरेंद्र सिंह को कहा कि पूरी गेपसागर झील के किनारे कहीं भी लीकेज, सिपेज या पानी के व्यर्थ बहने का मामला देखे तो तुरंत रोकने के अस्थाई उपाय करने के निर्देश दिए. इसके अलावा उन्होंने पानी को रोकने के लिए स्थाई कार्य करने के प्रस्ताव बनाने के लिए कहा।

## महिपाल खेल मैदान में 2 अक्टूबर को सजेगा मेला

**36 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन**

डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा नगर पालिका अंतर्गत महिपाल खेल मैदान में आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव को लेकर तैयारियां जोरों शोरों पर है इस वक्त महिपाल खेल मैदान में नागौर से आए हुए बजरंग रामलीला मंडल द्वारा रामलीला का मंचन प्रतिदिन किया जा रहा है जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग आकर रामलीला का आनंद ले रहे हैं वहीं महिपाल मैदान में बच्चों के लिए विशेष झुलो की व्यवस्था की गई है जिसमें प्रतिदिन शाम होते ही मेले जैसा माहौल बन रहा है । इधर रावण की तैयारी को लेकर बासड समाज के लोग रावण बनाने में जुट गए हैं 36 फीट ऊंचा रावण और 35 फीट ऊंचे मेघनाथ और कुंभ करण के पुतले बनाए जा रहे हैं जो आकर्षण का केंद्र रहेंगे इस बार आतिशबाजी का भी विशेष प्रावधान किया गया है जो इस उत्सव को और भी रोमांचित करेगा। वही महिपाल खेल मैदान में इस बार यह कार्यक्रम 11 दिन तक चलेगा दशहरा 2 अक्टूबर को होगा और उस दिन महिपाल खेल मैदान में विशाल मेला आयोजित किया जाएगा मेले की तैयारी को लेकर प्रशासन पूरी तरह से तैयारी में लग चुका है।






## नगर पालिका सागवाड़ा में जीएसटी बचत उत्सव

**व्यापारियों, किसानों, गरीबों, महिलाओं, छात्रों और मध्यम वर्ग को जीएसटी 2.0 के तहत किए गए बदलावों की दी जानकारी**



वाणिज्यिक कर विभाग के निर्देशानुसार जीएसटी बचत उत्सव अभियान के अंतर्गत जिला कलक्टर श्री अंकित कुमार सिंह के निर्देशन में सोमवार को सागवाड़ा नगरपालिका में आयोजित सेवा शिविर में भाग लेकर आमजन एवं उपभोक्ताओं को जीएसटी 2.0 के तहत किए गए बदलावों के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। व्यापारियों, किसानों, गरीबों, महिलाओं, छात्रों और मध्यम वर्ग के लोगों को इस बदलाव से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी तथा कर दरों में हुई कमी के प्रति जागरूक किया ताकि उपभोक्ता सीधे लाभान्वित हो सकें। अभियान के दौरान विभागीय अधिकारियों एवं जिले के विभिन्न ऑटोमोबाइल डीलरों से व्यक्तिगत रूप से और दूरभाष पर सम्पर्क कर संवाद के माध्यम से आमजन के जीएसटी बचत उत्सव के प्रति बढ़ते रुझान की जानकारी ली। उन्होंने बाइक, स्कूटर, ट्रैक्टर एवं अन्य उपकरणों की कर दरों में आई कमी का तुलनात्मक आकलन किया, जिससे खरीदारों को कीमतों में आमजन को राहत मिले सके। जीएसटी बचत अभियान के तहत नगर पालिका सागवाडा शिविर में पुनीत पंडया, राज्य कर अधिकारी लक्ष्मण मीणा, राज्य अधिकारी भावेश त्रिवेदी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं नगरपालिका अध्यक्ष आशिष गांधी, समाज सेवी हरिश सोमपुरा अनिल वाडील सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहें।

## संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं का समय पर प्रभावी मॉनिटरिंग कर शीघ्र निस्तारण करें - अतिरिक्त जिला कलक्टर



जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चंद्र धाकड़ की अध्यक्षता में सोमवार को जिला परिषद के ईडीपी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई । जिला परिषद के ईडीपी सभागार में बैठक में उन्होंने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ विभागवार किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने विभागवार समीक्षा करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से जिले में हैंडपंपों की स्थिति, ओपनवेल की साफ सफाई, सार्वजनिक निर्माण विभाग से सड़कों के मरम्मत करवाने, विद्युत विभाग से पीएम सूर्यघर बिजली योजना के कनेक्शन की प्रगति, ट्रांसफार्मर की स्थिति, विद्युत सप्लाई, पशुपालन विभाग से मंगला पशु बीमा योजना में रजिस्ट्रेशन, उद्योग विभाग के अधिकारी से किए गए एमओयू की अब तक प्रगति रसद विभाग से ई केवाईसी तथा खाद्य सुरक्षा से नाम जोड़ने की प्रगति एवं शेष कार्य में प्रगति लाने, समाज कल्याण विभाग से पालनहार योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं का समय पर प्रभावी मॉनिटरिंग कर शीघ्र निस्तारण करें तथा ई फाइल में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही सहकारिता विभाग के अधिकारी से अक्टूबर माह में प्रारंभ होने वाले सहकार सदस्यता अभियान की पूर्व से ही तैयारी करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ ने राज्य सरकार द्वारा चलाए जाने वाले अभियान के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए न्यू प्रगति वाले विभागीय अधिकारियों को तीव्र प्रगति लाने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़, सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहे।

## रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रम संशोधन

संवाददाता | डूंगरपुर

जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत मुख्यालय गडाजसराजपुर पंचायत समिति गलियाकोट मे 03 अक्टूबर को प्रस्तावित की गई थी जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए ग्राम पंचायत बाबा की बार पंचायत समिति गलियाकोट में 03 अक्टूबर 2025 को रात्रि चौपाल प्रस्तावित की जाती है। उन्होंनें विभागीय, अधिकारी, प्रतिनिधि विभागीय प्रगति रिपोर्ट सहित निर्धारित तिथि को नियत स्थान पर सायं 06 बजे उपस्थित रहें।